यूटीयू लेगा सरकारी विद्यालयों को गोद

■ एडोप ए स्कूल योजना के तहत प्रथम चरण में न्यूनतम दो स्कूल लेगा गोद

देहरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने अपनी सामाजिक व आर्थिक जिम्मेदारियों के महत्व को समझते हुए एडोप ए स्कूल योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के राजकीय प्राइमरी, माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्वविद्यालय के परिसर संस्थानों व सम्बद्ध सभी संस्थानों के माध्यम से इस योजना को धरातल पर उतारा जायेगा।

योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के परिसर संस्थान एवं सम्बद्ध सभी संस्थान जो मेन्टर इंस्टीट्यूट के रूप में एवं गोद लिए जाने वाले विद्यालय मेन्टी इंस्टीट्यूट के रूप में जाने जायेंगे। इस योजना के तहत प्रथम चरण में विवि के सभी संस्थान कम से कम दो व अधिकतम पांच राजकीय प्राइमरी, माध्यमिक विद्यालयों को चयनित कर गोद लेंगे और वहां पर अवकाश के दिनों में जाकर स्कूली छात्रों को जागरूक करेंगे। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराने व भावी पीढ़ी के अन्दर वैज्ञानिक चिन्तन, उच्च शिक्षा में बेहतर संभावनाओं की तलाश, सूचना प्रौद्योगिकी व आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव, कम्प्यूटरी ज्ञान, करियर संभावनाओं, स्वास्थ्य के साथ ही कानूनी जानकारी सहित अनेकों विषयों पर स्वेच्छा से अपना योगदान देने के उद्देश्य से उन्हें प्रेरित किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर संस्थान व सभी संबद्ध संस्थान गोद लिये जाने वाले राजकीय प्राइमरी, माध्यमिक विद्यालयों में आवश्यक संसाधन कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर, डिसप्ले यूनिट अथवा चयनित होने वाली गतिविधियों के सापेक्ष संस्थान स्तर से स्कूलों को उपलब्ध कराये जाएंगे।